

पाकिस्तान में कोरोना का खतरा

पाकिस्तान में कोरोना वायरस के मरीजों का आंकड़ा मंगलवार को 900 के पार चला गया है। पाकिस्तान का सिंध सूबा इस वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित है।

## पिच पर रहे जानी दुश्मन, अब हरभजन क्यों कर रहे अफरीदी की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी की तारीफ की है। हरभजन ने बुधवार को ट्वीट किया, 'मानवता के लिए बहुत अच्छा काम' ईश्वर हम सब पर कृपा करे। आपको और शक्ति मिले... दुनिया की भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। दरअसल, शाहिद अफरीदी ने मंगलवार को अपने ट्विटर हैंडल पर चंद तस्वीरें पोस्ट की थीं। इन तस्वीरों के साथ अफरीदी ने कैप्शन दिया था– जरूरतमंद लोगों को कीटनाशक साबुन, सामान, खाना और कोरोना वायरस को रोकने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में एक शीट देने का आज तीसरा दिन था। साथ ही लोगों को घर पर रहने की सलाह दी। सब साथ मिलकर काम करें और दूसरों की मदद भी करें।

# मैकलम ने बताया सीएसके और आरसीबी के बीच सबसे बड़ा अंतर

आईपीएल

## सितारों से भरपूर होने के बाद भी बैंगलोर नहीं जीत पाई है ट्रॉफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकलम ने बताया है कि आखिर क्यों महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नै सुपर किंग्स ने तीन बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीता है और क्यों रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ऐसा नहीं कर पाई है। मैकलम दोनों टीमों में खेल चुके हैं। आईपीएल में वह आखिरी बार कोहली की टीम में खेले थे। उनका आखिरी आईपीएल मुकाबला 2018 में चेन्नै के खिलाफ ही था।

मैकलम के नाम आईपीएल के इतिहास की पहली सेंचुरी लगाने का रेकॉर्ड दर्ज है। 2008 के पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने रॉयल चौलेंजर्स के खिलाफ शानदार 158 रन बनाए थे। इस खिलाड़ी ने कहा कि सुपर किंग्स की टीम अपने खिलाड़ियों के प्रति वफादार है,



और यही कारण है कि वह एक टीम की तरह खेलती है। येलो आर्मी कही जाने वाली चेन्नै की टीम बीते साल भी फाइनल में पहुंची थी जहां उसे रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से एक रन से हार का सामना करना पड़ा था।

**बैंगलोर परफेक्ट टीम है:** बैंगलोर की टीम एक बार भी आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाई है। 2009 और 2016, दो बार टीम फाइनल में पहुंची है लेकिन ट्रॉफी उसके हाथ नहीं आई है। ऐसा नहीं है कि टीम के पास स्टार खिलाड़ी नहीं रहे हैं, विराट कोहली के अलावा एबी डि विलियर्स, क्रिस गेल और मैकलम जैसे धमाकेदार क्रिकेटर इस टीम का हिस्सा रहे हैं।

मैकलम ने बताया बैंगलोर की टीम में श्बेकार का शोर बहुत है और उसके पास आगे बढ़ने का कोई मुनासिब प्लान नहीं होता।

क्रिकबज से बातचीत में मैकलम ने कहा, एक टीम ऐसी है जो अपने खिलाड़ियों को चुनने के प्रति वफादारी दिखता ही और उनकी चुनी टीम पर यह रणनीति काम करती है वहीं दूसरी टीम परफेक्ट टीम बनाने के पीछे भागती है लेकिन उसके पास इस बात का कोई ब्लूप्रिंट नहीं होता कि कैसे खेलना है। सीएसके की टीम में बहुत कम बेकार का शोर होता है वहीं बैंगलोर के पास काफी होता है।

दो साल के प्रतिबंध के बाद जब चेन्नै सुपर किंग्स की टीम ने आईपीएल में वापसी की तो उसमें काफी उम्रदराज खिलाड़ी थे। कई लोगों ने तो इसे डैड्स आर्मी भी कहा गया लेकिन टीम ने आते ही खिताब जीता। और एक बार फाइनल में भी पहुंची। चेन्नै की टीम ने बीते साल भी अपने ज्यादातर खिलाड़ियों को साथ रखा वहीं बैंगलोर ने अपनी टीम में कई बदलाव किए।

## विराट और अनुष्का की अपील, लॉकडाउन में घर पर रहें वरना चुकानी पड़ सकती है कीमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे देश में 21 दिनों का लॉकडाउन घोषित किया। पीएम मोदी के इस फैसले को खेल जगत का भी समर्थन मिल रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने सपोर्ट किया। उन्होंने देशवासियों से यह अपील की कि कृपया घर पर रहें। कोहली ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल पर विडियो पोस्ट कर लोगों से घर रहने की अपील की है। विराट के साथ उनकी पत्नी अनुष्का ने भी लोगों से ऐसा करने को कहा है। अनुष्का ने कहा, कोरोना वायरस से जंग जीतने के लिए समय



लगेगा और हौसला लगेगा। विराट ने कहा, सबसे ज्यादा लगेगा आपका संयम और जिम्मेदारी अगले 21 दिनों तक।श कोहली ने कहा कि एक लापरवाही के लिए देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। विराट और अनुष्का ने कहा, एकता दिखाइए, जीवन और देश बचाइए। विराट और अनुष्का ने लोगों से घर पर ही रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अपने आप को और अपने परिवार को बचाने के लिए घर पर ही रहना जरूरी है। उन्होंने कहा मोर्चा बनाकर या घर से निकलकर, अंधविश्वास के जरिए कोरोना वायरस से जंग नहीं जीती जा सकती। इससे पहले कोहली ने मंगलवार को ट्वीट करके भी लोगों से घर पर ही रहने की अपील की थी। कोहली ने कहा था कि पीएम मोदी ने 21 दिनों के लॉक डाउन की घोषणा की है। ऐसे में मेरा लोगों से अनुरोध है कि घर पर रहें। सोशल डिस्टिंग ही कोविड–19 वायरस से बचने का एकमात्र उपाय है।

सचिन ने भी पीएम के फैसले का समर्थन किया था। सचिन ने ट्वीट किया था, आसान काम करने आम तौर पर मुश्किल होते हैं, क्योंकि उसके लिए नियमित अनुशासन और प्रतिबद्धता की जरूरत होती है।

## पीटरसन ने हिन्दी में ट्वीट कर लोगों से की पीएम मोदी की बात मानने की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने एक बार फिर हिंदी में ट्वीट किया है। उन्होंने कोरोना वायरस के चलते भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 दिन के लॉक डाउन पर ट्वीट कर लोगों से घरों में रहने का अनुरोध किया है। केपी ने मंगलवार रात को ट्वीट कर लोगों से पीएम मोदी के इस आदेश का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सब मिलकर इस कोरोना वायरस को हरा सकते हैं। उन्होंने ट्वीट किया, सुनने में आया है कि आप की अवस्था भी हमारी तरह है, पीएम मोदी ने 21 दिनों का पूरा देश लॉक डाउन करने का आदेश दिया है। मेरा अनुरोध है कि आप इस निर्देश का पालन करें। हम सब एकजुट होकर इसका सामना करेंगे और कोरोना को हराएंगे और इससे बाहर निकलेंगे। कृपा कर के अपने घर में रहें और सुरक्षित रहे।

इससे पहले भी पीटरसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप क्वॉलिटी की तारीफ की थी। पीएम ने भी पीटरसन और अन्य क्रिकेटरों के प्रयासों को सराहा था।

## न्यूज डायरी




### नीरज चोपड़ा, विकास कृष्णन ने ओलिंपिक स्थगित करने को सही ठहराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक में पदार्पण के लिए अब उन्हें एक साल और इंतजार करना होगा लेकिन भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का मानना है कि इस समय इंसानियत का तकाजा है कि किसी और बात की बजाय कोविड 19 पर फोकस रखा जाए। चोपड़ा ने इस महीने की शुरुआत में साउथ अफ्रीका में ऐथलेटिक्स सेंट्रल नार्थ ईस्ट मीटिंग लीग के जरिए ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ किया था। वह कोहनी की चोट के बाद सर्किट पर वापसी कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेल चौंपियन ने एक बयान में कहा, 'इन हालात में खिलाड़ियों के लिए यह अच्छा और अपेक्षित फैसला है। इस समय ओलिंपिक जश्न मनाने के हालात नहीं हैं। इसे सकारात्मक लेना होगा कि हमें तैयारी के लिए एक साल और मिल गया।' दो बार के ओलिंपियन मुक्केबाज विकास कृष्णन ने कहा, 'आखिर में मानवता सबसे ऊपर है ।

### तोक्यो ओलिंपिक स्थगित होने का पैरिस ओलिंपिक 2024 पर असर नहीं: आयोजक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण तोक्यो ओलंपिक स्थगित होने का असर पेरिस में 2024 में होने वाले खेलों पर नहीं पड़ेगा। आयोजन समिति के प्रमुख टोनी एस्तांगुत ने यह बात कही। आईओसी अध्यक्ष थामस बाक ने जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से कल फोन पर बात करने के बाद तोक्यो ओलंपिक 2021 तक स्थगित करने का फैसला किया । एस्तांगुत ने कहा कि इसका पेरिस खेलों पर असर नहीं पड़ेगा और वे तोक्यो ओलंपिक के तीन साल बाद होंगे। उन्होंने कहा, 'तोक्यो ओलिंपिक को स्थगित करने का फैसला सही है । हम अपने खेलों की तैयारी कर रहे हैं और तोक्यो खेलों का असर उस पर नहीं पड़ेगा। हर जगह के हालात दूसरे हैं। हमें उस तरह का बुनियादी ढांचा खड़ा नहीं करना है। हम अपने शेड्यूल के हिसाब से काम कर रहे हैं ।'

### बाहर न निकलें, अश्विन की देश को मांकडिंग चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीते साल आईपीएल में रविचंद्रन अश्विन ने जोस बटलर को मांकडिंग आउट किया था। इस पर काफी विवाद भी हुआ था। अश्विन ने उस घटना को याद करते हुए एक ट्वीट किया है। इसके जरिए अश्विन ने हल्के–फुल्के अंदाज में लोगों से लॉक डाउन के दौरान घर से बाहर न निकलने की अपील की है। अश्विन ने ट्वीट किया, हा हा हा, किसी ने मुझे यह भेजा और बताया कि आज ही के दिन एक साल पहले यह रन आउट हुआ था। देश में लॉकडाउन है, नागरिकों को यह याद दिलाने का यह अच्छा तरीका है। बाहर न निकलें। अंदर रहें, सुरक्षित रहें। मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में 21 दिन का लॉकडाउन लगा दिया है। इस दौरान लोगों को घरों से न निकलने की हिदायत दी गई है। हालांकि इस दौरान रोजमर्रा के जरूरत की चीजें मिलती रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, श्तीन सप्ताह... इतने वक्त तक अंदर ही रहें।

### पहली बार महामारी से हारा ओलिंपिक, अभी तक सिर्फ युद्ध के कारण हुए हैं रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। कोरोना वायरस के कारण इस साल 24 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाले तोक्यो की मेजबानी में होने वाले ओलिंपिक गेम्स को अगले साल तक के लिए टाला जाएगा। जापानी प्रध ाानमंत्री शिंजो आबे ने मंगलवार को साफ किया कि वह ओलिंपिक गेम्स को स्थगित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक के साथ समझौते करने पर विचार कर रहे हैं। आबे ने कहा कि आईओसी चीफ उनके प्रस्ताव पर राजी भी हो गए। ओलिंपिक खेलों ने राजनीतिक बहिष्कार (मॉस्को 1980) और आतंकवाद (म्युनिख 1972) का सामना किया है लेकिन खेल सिर्फ युद्ध के कारण रद्द हुए हैं । तोक्यो ओलंपिक 2020 स्थगित किए जाने के बाद अतीत के गलियारों में जाकर उन खेलों पर नजर डालते हैं जिन पर जंग की गाज गिरी थी ।